फैक्स

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्याः– एस0एम0सी0–सरा0कार्य/2022 दिनॉकः नवम्बर 04, 2022

---

## :: सराहनीय कार्य ::

**थाना नईमण्डी पुलिस द्वारा एटीएम मे चिमटी फंसाकर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश । 02 शातिर चोर अभियुक्त व 01 बाल अपचारी गिरफ्तार। कब्जे से चोरी के 18,000 रूपये, 02 चिमटी, 01 एटीएम स्वाईप मशीन, 03 मोबाईल व घटनाओं में प्रयुक्त कार बरामद।**

सादर अवगत कराना है कि दिनांक 25.10.22 को शाखा प्रबन्धक कैनरा बैंक नईमण्डी ब्रांच द्वारा लिखित तहरीर के माध्यम से थाना नईमण्डी को अवगत कराया कि दिनांक 22.10.2022 को बैंक के एटीएम से 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एटीएम डिस्पेंसर को क्षतिग्रस्त कर ग्राहक के 10,000/ रूपये निकाल लिये। तथा दिनांक 31.10.22 को शाखा प्रबन्धक कैनरा बैक एसएमई ब्रांच द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया कि दिनांक 30.10.2022 को ग्राहक के पैसे एटीएम डिस्पेंसर को क्षतिग्रस्त कर निकाल लिये। जिसके सम्बन्ध में थाना नईमण्डी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 603/22 धारा 379,427 भादवि व मु0अ0सं0 613/22 धारा 379,427 भादवि पंजीकृत किए गए। घटनाओं के शीघ्र अनावरण हेतु टीम गठित की गई थी।

दिनांक 04.11.2022 को जनपद मुजफ्फरनगर में शातिर चोर/लुटेरे अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नईमण्डी के निकट पर्यवेक्षण तथा प्र0नि0 श्री महावीर सिंह चौहान थाना नईमण्डी के कुशल नेतृत्व में थाना नईमण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री राघवेन्द्र सिंह चौहान मय उ0नि0 रामेश्वर दयाल मय हमराहीगण का0 890 धीरेन्द्र, का0 1320 प्रिन्स, का02089 सचिन, का0 1981 कुलदीप के रवाना होकर वास्ते शान्ति व्यवस्था देख–रेख चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन मामूर होकर टीएस मान मार्किट से आगे स्थित पुलिया पर चैकिंग के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गई कि दिनांक 22.10.2022 तथा दिनांक 30.10.2022 को एटीएम से डिस्पेंसर क्षतिग्रस्त पैसे निकालने वाले तीन व्यक्ति हुडंई वैन्यू कार में किसी घटना को अंजाम देने आ रहे हैं। तब मुखबिर के इशारे पर अभियुक्तगण को घेर घोटकर कारण बताकर हिरासत में लिया गया। अभियुक्तगण को गाडी से उतारकर नाम पता पूछा गया तो उन्होने अपना नाम 1–कुलदीप पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम आशापुर थाना जठवारा, प्रतापगढ व 2–त्रिलोक चन्द पुत्र छेदीलाल सिंह निवासी ग्राम सिवरा थाना मानधाता, प्रतापगढ, 3–बाल अपचारी बताया। अभियुक्तगण के कब्जे से 18,000/रूपये, 02 पत्ती नुमा चिमटी, 01 एटीएम कार्ड स्वाईप मशीन, 01 हुंडई कार, 03 मोबाईल बरामद किए गए। अभियुक्तगण के कब्जे से बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 603/22 एवं मु0अ0सं0 613/22 की विवेचना में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गयी

गिरफ्तार <u>अभियुक्त का नाम व पताः–</u>

1. कुलदीप पुत्र रामआसरे नि0 ग्राम आसपुर थाना जेठबारा थाना प्रतापगढ।
2. त्रिलोक चन्द पुत्र छेदीलाल नि0 शिबरा नि0 मानधाता जिला प्रतापगढ।
3. 01 बाल अपचारी।

**बरामदगी का विवरणः–**

1. 18,000 रूपये(एटीएम से चोरी किए गए)।
2. 02 पत्ती नूमा चिंमटी ।
3. 01 पोर्टेबल एटीएम कार्ड स्वाइप मशीन डिवाइस।
4. 01 कार हुंडई वेन्यू ।
5. 03 मोबाईल फोन ।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः–**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री महावीर सिहं चौहान, थाना नईमण्डी, मुजफ्फरनगर।
2. उ0नि0 राघवेन्द्र सिहं चौहान, थाना नईमण्डी, मुजफ्फरनगर।
3. उ0नि0 अनिल तोमर, थाना नईमण्डी, मुजफ्फरनगर।
4. उ0नि0 रामेश्वर दयाल, थाना नईमण्डी, मुजफ्फरनगर।
5. है0का0 318 सुशील कुमार, थाना नईमण्डी, मुजफ्फरनगर।
6. है0का0 66 सोविन्द्र, थाना नईमण्डी, मुजफ्फरनगर।
7. का0 810 मनेन्द्र राणा, थाना नईमण्डी, मुजफ्फरनगर।
8. का0 1981 कुलदीप, थाना नईमण्डी, मुजफ्फरनगर।
9. का0 890 धीरेन्द्र, थाना नईमण्डी, मुजफ्फरनगर।
10. का0 1320 प्रिन्स, थाना नईमण्डी, मुजफ्फरनगर।
11. का0 2089 सचिन, थाना नईमण्डी, मुजफ्फरनगर।

**नोटः– गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के एटीएम में चिमटी फंसाकर चोरी करने वाले अपराधी हैं। जो थाना नईमण्डी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 603/22 व मु0अ0सं0 613/22 में वांछित है। अभियुक्तगण द्वारा घटना किए जाने का जुर्म इकबाल किया गया है। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।**

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

वरिष्ठ पलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर।